## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

### कार्यवाही विवरण

भवन मानचित्र समिति (ले–आउट प्लान) की 366वीं बैठक दिनांक 10.09.2024 मध्यान्ह 11.00 बजे आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसका कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :–

---

<u>बैठक में समिति के निम्न सदस्यों ने भाग लिया:–</u>

1. श्री निशान्त जैन, सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
2. श्री विनय कुमार दलेला, निदेशक (आयोजना), जविप्रा, जयपुर।
3. डॉ.प्रिया बलराम, अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन), जविप्रा, जयपुर।
4. श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक, मास्टर प्लान, जविप्रा, जयपुर।
5. श्रीमती प्रीति गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक एवं सदस्य सचिव, बीपीसी (एलपी), जविप्रा, जयपुर।

<u>बैठक में निम्न अधिकारी भी उपस्थित थे:–</u>

1. श्री अंकुर दाधीच, वरिष्ठ नगर नियोजक, बीपीसी (एलपी), जविप्रा, जयपुर।
2. श्री राम कुमार वर्मा, उपायुक्त जोन–07, जविप्रा, जयपुर।
3. सुश्री रेणू सैनी, उपायुक्त जोन– 12, जविप्रा, जयपुर।
4. श्रीमती देवयानी, उपायुक्त जोन– 13, जविप्रा, जयपुर।
5. श्री दीपक खटाना, उपायुक्त जोन–14, जविप्रा, जयपुर।
6. सैयद वसीम अख्तर, उप नगर नियोजक, जोन–14, जविप्रा, जयपुर।
7. श्री विवेक यादव, सहायक नगर नियोजक, जोन–12, जविप्रा, जयपुर।
8. सुश्री दिप्ती बामनावत, सहायक नगर नियोजक, जोन–13, जविप्रा, जयपुर।
9. श्री मुकेश सैनी, सहायक नगर नियोजक, जोन–07, जविप्रा, जयपुर।
10. सुश्री साक्षी बोहरा, सहायक नगर नियोजक, बीपीसी(एलपी), जविप्रा, जयपुर।

<u>एजेण्डा संख्या:–01 (366 / 10.09.2024)</u>

विषय:–बीपीसी (एलपी) की 365वीं बैठक दिनांक 03.09.2024 में लिये गये निर्णयों के कार्यवाही विवरण की पुष्टि बाबत्

<u>समिति का निर्णय:–</u>

समिति द्वारा बीपीसी (एलपी) की 365वीं बैठक दिनांक 03.09.2024 में लिये गये निर्णयों के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई।

<u>एजेण्डा संख्या:–02 (366 / 10.09.2024)</u>

| | |
|---|---|
| विषय:– ग्राम नांगल जैसा बोहरा, तहसील व जिला जयपुर के खसरा नं. 287 व 288 के निजी खातेदारी की अनुमोदित आवासीय योजना गहलोत नगर के मानचित्र में संशोध बाबत्। | जोन–07 |

कृपया पैरा 151/एन का अवलोकन करने का श्रम करें। प्रश्नगत प्रकरण में निदेशक(अयोजना) से हुई चर्चा के क्रम में पूर्व में प्रस्तुत टिप्पणी में आंशिक संशोधन करते हुए प्रकरण के तथ्य निम्नानुसार है:–

प्रश्नगत प्रकरण को बीपीसी एलपी की 360वीं बैठक दिनांक 24.07.2024 में रखा जाकर सशर्त निम्नानुसार अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया था।

*<u>समिति का निर्णय :–</u>*

*समिति द्वारा पत्रावली व जोन के प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। जोन उपायुक्त द्वारा अवगत करवाया गया है कि 167.92 वर्गमीटर भूमि जो कि मौके पर बडी हुई है, को भी भूखण्ड सं. 3 व 28 में सम्मिलित करने हेतु निवेदन किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत प्रकरण में जोन द्वारा प्रस्तुत संशोधित मानचित्र के माप अनुसार एचटी लाईन में वर्तमान नियमों के अनुसार नॉन कन्ट्रक्शन जोन व 9–9 मीटर की सडक प्रस्तावित की गई है। उक्त के संबंध में जोन द्वारा पुनः सुनिचितता उपरांत भूखण्डों की गहराई के संबंध में, तथा पूर्व अनुमोदित मानचित्र में योजना के पूर्वी भाग में सडक सीमा में आ रही योजना की भूमि को वर्तमान में योजना सीमा में नही प्रस्तावित किया गया है एवं प्रश्नगत भूमि वर्तमान में सडक का भाग होने के कारण नवीन प्रस्तावित मानचित्र में नही दर्शाई गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि पूर्व अनुमोदित मानचित्र में उक्त भूमि सडक का ही भाग थी, परन्तु आवेदित खसरों में सम्मिलित थी। वर्तमान में संशोधन हेतु प्रस्तुत मानचित्र में उक्त भूमि को खसरों से बाहर दर्शाया गया है। उपरोक्त के अतिरिक्त समिति द्वारा यह भी नोट किया गया कि प्रस्तावित योजना में पार्क का क्षेत्रफल, योजना के क्षेत्रफल का 5 प्रतिशत से कम पर प्रस्तावित की गई है।*

*समिति द्वारा जोन उपायुक्त को निर्देशित किया गया कि योजना में बडी हुई भूमि जिसे योजना के भाग सम्मिलित किया गया है के अनुपात में पार्क हेतु 5 प्रतिशत भूमि आरक्षित करते हुए नवीन मानचित्र प्राप्त किया जावें।एवं एचटी लाईन हेतु राज्य सरकार द्वारा लागू प्रावधान दिनांक 17.06.2022 के अनुरूप योजना में वांछित संशोधन को निदेशक (आयोजना) की स्वीकृति उपरांत ही प्रस्तावित मानचित्र जारी करने का कार्यवाही की जावें।*

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation : Additional Chief town Planner
Date: 2024.09.12 11:21:00 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 10447107

***समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त विचारणीय बिन्दु संख्या 33 के उपबिन्दु 01 से 06 व 08 से 13 को मान्य करते हुए निम्न शर्तों के साथ निजी खातेदारी की अनुमोदित आवासीय योजना गहलोत नगर के मानचित्र में संशोधन करने का निर्णय लिया गयाः—***

1. ***प्रस्तावित योजना में 132 के.वी. की एच.टी. लाईन के लिए सुरक्षात्मक मापदण्डों के अनुसार 13.8 मीटर का बफर क्षेत्र व उसके पश्चात न्यूनतम 9—9 मीटर चौडी सडक दोनों तरफ रखी जाकर उक्त अलाईमेंट को पृथक से जोनल विकास योजना में भी दर्शाते हुए एच.टी. लाईन व इसके कोरीडोर का अंकन किया जावें।***
2. ***प्रस्तावित योजना सैफ्टी कोरिडोर के नॉ—कन्स्ट्रक्शन जोन का डिमार्केशन एवं तारबंदी आवेदक के स्तर से करवाया जावें। उक्त की सुनिश्चितता जोन द्वारा की जावें।***
3. ***योजना में प्रस्तावित फूटकर व्यावसायिक भूखण्ड के मापदंड नगरीय विकास विभाग दिनांक 20.02.2023 एवं जविप्रा द्वारा जारी आदेश दिनांक 25.11.2021 अनुसार रखा जावें।***
4. ***योजना में 5 प्रतिशत पार्क की भूमि की सुनिश्चितता जोन स्तर पर की जावें।***
5. ***प्रकरण में संशोधन शुल्क एवं उपविभाजन शुल्क लिये जावें।***
6. ***प्रकरण में पूर्व में बकाया राशि/शुल्क की सुनिश्चितता पूर्ण करने के पश्चात् ही प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावे।***
7. ***योजना मे टाउनशिप पॉलिसी 2010 के प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जावे।***
8. ***जोन द्वारा प्रस्तावित योजना/एकल भूखण्ड का राजस्व रिकॉर्ड अनुसार क्षेत्रफल को मौके पर उपलब्ध भूमि के क्षेत्रफल से मिलान करने के पश्चात् ही टाउनशिप पॉलिसी के प्रावधान अनुसार मानचित्र जारी किया जावें।***
9. ***आवेदक से प्रकरण से सबंधित समस्त लेय राशि यथा बी.एस.यू.पी./विकास शुल्क/पुर्नग्रहण आदि (जो भी लेय हो) की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जावें।***

जोन द्वारा प्रश्नगत प्रकरण का मानचित्र जारी करने हेतु पत्रावली बीपीसी एलपी शाखा में प्रस्तुत की गई है। जोन द्वारा प्रस्तुत मानचित्र में उक्त निर्णय की पालना पूर्णरूप से नही की गई है एवं मानचित्र अनुमोदित हेतु प्रेषित किया गया है। निर्णय के बिन्दु सं. 01 के क्रम में जोन द्वारा एचटी लाईन का बफर क्षेत्र 13.8 मीटर प्रस्तावित किया जाना था जिसमें मानचित्र में पृथक—पृथक स्थानों पर पृथक—पृथक माप रखे गये है। उक्त के अतिरिक्त पूर्व अनुमोदित योजना के माप के अनुसार सडक में जा रही भूमि की मापों में एक ओर ही परिवर्तन हो रहा है, दूसरी ओर मापों में कोई भिन्नता अंकित नही है, शेष बिन्दुओं की पूर्ति की गई है।

उल्लेखनीय है कि प्रकरण का परीक्षण किया गया एवं नोट किया गया कि बैठक में प्रस्तुत मानचित्र में कुछ बिन्दुओं पर टिप्पणी नही की गई है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत मानचित्र एवं पूर्व में जारी मानचित्र व अतिरिक्त भूमि जोडते हुए जारी पट्टे में विरोधाभास है। जोन द्वारा पूर्व में जारी भूखण्ड सं. 29, 46, 47 हेतु जारी पट्टे एवं मानचित्र पर अंकित उक्त भूखण्डों के माप मेल नही करते है। जोन द्वारा उक्त भूखण्डों पर जारी पट्टे अनुसार क्षेत्रफल अंकित किया गया है, किन्तु उक्त क्षेत्रफल मानचित्र में अंकित मापों से कम है। उक्त भूखण्डों के माप परिशिष्ट **"अ"** पर देखे जा सकते है।

प्रश्नगत प्रकरण में पूर्व में जारी मानचित्र के क्षेत्रफल विश्लेषण में योजना का कुछ क्षेत्रफल 19474.85 वर्गमीटर अंकित किया गया है, किन्तु मानचित्र पर अंकित मापों के अनुसार योजना का क्षेत्रफल 20040.60 वर्गमीटर प्राप्त हो रहा है। उक्त के अतिरिक्त वर्तमान में संशोधन हेतु प्रस्तावित मानचित्र में उक्त क्षेत्रफल 20129.51 वर्गमीटर हो रहा है। पूर्व में जारी पट्टे में जोन रिपोर्ट अनुसार अतिरिक्त भूमि केवल 263.65 वर्गमीटर होती है एवं प्रश्नगत योजना में अतिरिक्त भूमि 167.92 वर्गमीटर प्रस्तावित की गई है। अतः पूर्व अनुमोदित योजना क्षेत्रफल 19474.85 वर्गमीटर में 431.57 वर्गमीटर जोडते हुए कुल 19906.42 वर्गमीटर का योजना अनुमोदन किया जाना है। बैठक में अतिरिक्त भूमि आवेदक को दिये जाने के संबंध में राशि के संबंध में कोई उल्लेख नही किया गया है। वर्तमान में राजस्व रिकॉर्ड में अंकित खसरें के क्षेत्रफल से अतिरिक्त क्षेत्रफल के संबंध में पूर्व में बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार उक्त अतिरिक्त भूमि को जविप्रा के नाम से भूखण्ड के रूप में पृथक से भूमि छुडवाई जाती है। अतः उपरोक्त बिन्दुओं के संबंध में बीपीसी एलपी द्वारा निर्णय लिया जाना अपेक्षित है। उक्त के अतिरिक्त प्रश्नगत योजना के पूर्वी भाग में प्रस्तावित एचटी लाईन से भूखण्ड सं. 01 से 03 व फुटकर व्यावसायिक के भूखण्ड प्रभावित हो रहे है किन्तु आवेदक द्वारा प्रस्तुत माप में कोई कमी नही अंकित की गई है। अतः उक्त संशोधन भी अपेक्षित है।

प्रश्नगत प्रकरण में आवेदक द्वारा अवगत करवाया गया है कि भूखण्ड सं 04 से 21 में कोई परिवर्तन नही हो रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत योजना में दो एचटी लाईन गुजर रही है। उक्त एचटी लाईन पर लिये गये निर्णय के अनुसार भूखण्ड सं 04 व 21 में भी परिवर्तन होना संभवत्त जिसे आवेदक द्वारा अंकित नही किया गया है। अतः उक्त दोनो भूखण्डधारियों से भी सहमति प्राप्त किया जाना अपेक्षित है। जोन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट अनुसार प्रश्नगत योजना को कैम्प प्रस्तावित करते हुए योजना में प्रस्तावित सभी भूखण्डों के पट्टे जारी है का उल्लेख किया गया है। प्रश्नगत प्रकरण में आवेदक द्वारा भूखण्ड सं. 28 व 22 की सहमति प्रस्तुत नही की गई है। संशोधित मानचित्र में उक्त भूखण्डों में परिवर्तन प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त भूखण्डधारियों से भी सहमति प्राप्त की जानी अपेक्षित है।

प्रश्नगत प्रकरण वर्ष—2017 में अनुमोदित है एवं तत्समय टाउनशिप पॉलिसी—2010 लागू थी। प्रश्नगत प्रकरण [illegible] अतिरिक्त भूमि को सम्मिलित किया जाता है, उक्त स्थिति में आवेदक का योजना का क्षे[illegible] उक्त स्थिति में आवेदक टाउनशिप पॉलिसी—2010 (2 हैक्ट से 10 हैक्ट) के नियम [illegible] योजना [illegible]

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation : Additional Chief town Planner
Date: 2024.09.12 11:21:00 IST
Reason: Approved

| |
|---|
| अतिरिक्त भूमि सम्मिलित किये जाने के संबंध में समिति स्तर पर पुनः निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है। <br> उपरोक्त बिन्दुओं के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किये जाने हेतु पत्रावली अवलोकनार्थ एवं आदेशार्थ प्रस्तुत है। |

**<u>समिति का निर्णयः—</u>**

**समिति द्वारा पत्रावली, प्रश्नगत प्रकरण में पूर्व बीपीसी एलपी की 360वीं बैठक दिनांक 24.07.2024 में लिये गये निर्णय एवं बीपीसी एलपी शाखा द्वारा प्रस्तुत टिप्पणी का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नोट किया गया कि प्रश्नगत प्रकरण में योजना के सभी भूखण्डों की लीजडीड जारी की जा चुकी है एवं वर्तमान में प्रश्नगत प्रकरण के विकासकर्ता द्वारा पूर्व अनुमोदित योजना मानचित्र संशोधन करने हेतु निवेदन किया गया है। वर्तमान में आवेदक द्वारा प्रस्तुत सीडी अनुसार प्रश्नगत प्रकरण में धारा 90ए आदेश के क्षेत्रफल से अधिक भूमि प्रस्तावित करते हुए 2 हैक्ट. से अधिक क्षेत्रफल पर योजना प्रस्तुत की गई है। उक्त के अतिरिक्त समिति द्वारा यह भी नोट किया गया कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत संशोधन से संबंधित भूखण्डों के सभी भूखण्डधारियों द्वारा संशोधन हेतु सहमति प्रस्तुत नही की गई है। समिति के समक्ष उपस्थित प्रश्नगत प्रकरण के विकासकर्ता द्वारा समिति को अवगत करवाया गया कि प्रश्नगत योजना में उनके द्वारा केवल पूर्व अनुमोदित योजना के भूखण्ड सं. 22 से 28, 56, 57 एवं 02 व 03 के भूखण्डों को संयुक्त करते हुए छोटे भूखण्डों में प्रस्तावित करने हेतु निवेदन किया गया है एवं वर्तमान में मौके पर उपलब्ध अतिरिक्त भूमि को विकासकर्ता द्वारा पृथक से जविप्रा को दिया जाना संभव नही है। अतः समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त प्रश्नगत प्रकरण में पूर्व बीपीसी एलपी की 360वीं बैठक दिनांक 24.07.2024 लिये गये निर्णय को अमान्य करते हुए जोन उपायुक्त को निम्नानुसार निर्देशित किया गयाः—**

1. **प्रश्नगत प्रकरण में आवेदक द्वारा चाहे गये संशोधन के क्रम में आवेदक द्वारा पृथक से योजना के जिन भूखण्डों पर एकीकरण एवं उपविभाजन की कार्यवाही चाही गई है, उक्त हेतु आवेदक से आवेदन पत्र लिया जावें।**
2. **उपरोक्त बिन्दु सं. 01 पर प्रस्तुत आवेदन पत्र के अनुसार प्रभावित भूखण्डों की लीजडीड समर्पित करवाई जावें एवं आवेदन में प्रस्तावित कार्यवाही के अनुसार संशोधित मानचित्र लेते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जावें।**
3. **प्रकरण पूर्व के होने के क्रम में आवेदक द्वारा पूर्व में दी गई सूचना एवं प्रकरण में सृजित की गई सूचनाओं को प्रकरण के निस्तारण हेतु उपयोग में लिया जावें। एकीकरण एवं उपविभाजन की कार्यवाही में उक्त सूचना को सम्मिलित करते हुए आवेदक से उक्त सूचना पुनः नही मांगी जावें।**
4. **प्रश्नगत प्रकरण को आवेदक द्वारा चाहे एकीकरण एवं उपविभाजन के क्रम में नियमानुसार कार्यवाही एवं शुल्क सुनिश्चित की जावे।**

**<u>एजेण्डा संख्याः—03 (366 / 10.09.2024)</u>**

| | |
|---|---|
| **विषयः— श्री मुरलीधर ओडरानी पुत्र श्री लेखराज ओडरानी द्वारा ग्राम रामचन्द्रपुरा तहसील सांगानेर के खसरा नम्बर 51 रकबा 0.5600 हैक्ट. ख.नं. 52 रकबा 0.7200 हैक्ट. ख.नं. 53/339 रकबा 0.1800 हैक्ट. में से 0.1200 हैक्ट. व ख.नं. 58/371 रकबा 0.0600 कुल किता 04 कुल रकबा 1.4600 हैक्टयर भूमि पर आवासीय योजना ''वृंदावन ग्रीन्स'' का मानचित्र अनुमोदन बाबत्।** | **जोन—12** |

आवेदन एवं राजस्व सबंधित बिन्दु

| क्र.सं. | बिन्दु | विवरण | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम | श्री मुरलीधर ओडरानी पुत्र श्री लेखराज ओडरानी निवासी फ्लैट नं. 10 एस रेजीन्सी टेरेस 17 रोड, खार वेस्ट मुम्बई व श्री अशोक ओडरानी पुत्र लेखराज ओडरानी निवासी फ्लैट 601 प्लाट ए—61, सुमन अडोब शान्ति पथ, तिलक नगर, जयपुर। | — |
| 2. | प्रस्तावित योजना के ग्राम, खसरा नं. व क्षेत्रफल | ग्राम रामचन्द्रपुरा तहसील सांगानेर के खसरा नम्बर 51 रकबा 0.5600 हैक्ट. ख.नं. 52 रकबा 0.7200 हैक्ट. ख.नं. 53 [illegible] रकबा 0.1800 हैक्ट. में से 0.1200 हैक्ट. व ख.नं. [illegible] रकबा 0.0600 कुल किता 04 कुल रकबा [illegible] हैक्टयर। | — |

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation : Additional Chief town Planner
Date: 2024.09.12 11:21:00 IST
Reason: Approved

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | जमाबंदी अनुसार किस्म एवं क्षेत्रफल | 90ए से पूर्व | खसरा नं. | क्षेत्रफल हैक्ट. | किस्म | — |
| | | | 51 | 0.5600 | चाही—ए | |
| | | | 52 | 0.7200 | चाही—ए जाव—ए | |
| | | | 53/339 | 0.1800 में से 0. | चाही—ए जाव—ए | |
| | | | 58/371 | 0.0600 | चाही—ए | |
| | | 90ए के पश्चात | 51 | 0.5600 | आवासीय प्रयोजनार्थ | — |
| | | | 52 | 0.7200 | | |
| | | | 515/53 | 0.1200 | | |
| | | | 58/371 | 0.0600 | | |
| | | | कुल किता 4 कुल क्षेत्रफल 1.4600 हैक्टे. | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13. | प्रस्तावित योजना के 90—ए/ 90—बी आदेश दिनांक, क्षेत्रफल व आवेदक का नाम | ग्राम रामचन्द्रपुरा तहसील सांगानेर के खसरा नम्बर 51 रकबा 0.5600 हैक्ट. ख.नं. 52 रकबा 0.7200 हैक्ट. ख.नं. 53/339 रकबा 0.1800 हैक्ट. में से 0.1200 हैक्ट. व ख.नं. 58/371 रकबा 0.0600 कुल किता 04 कुल रकबा 1.4600 हैक्टयर भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ धारा 90ए के आदेश दिनांक 29.07.2024 को श्री मुरलीधर ओडरानी पुत्र श्री लेखराज ओडरानी एवं श्री अशोक ओडरानी पुत्र लेखराज ओडरानी के पक्ष में पारित किया गया। | — |
| 14. | 90—ए/90—बी में वर्णित प्रयोजन | आवासीय प्रयोजनार्थ | — |
| 15. | आवेदित उपयोग | आवासीय योजना | — |
| 16. | आवेदित ले—आउट, 90—ए/ 90—बी में वर्णित प्रयोजन के अनुरूप है अथवा नहीं। | अनुरूप है। | — |
| 17. | एकल भूखण्ड का ले—आउट है अथवा प्लांटेड ले—आउट है। | प्लाटेड ले—आउट | — |
| 18. | एकल भूखण्ड ले—आउट/प्लाटेड ले—आउट/ले—आउट संशोधन/ मुख्यमंत्री जन आवास के प्रोविजन 3ए /3बी/3सी | प्लाटेड ले—आउट | — |
| **मास्टर प्लान/जोनल प्लान से सबंधित बिन्दु** | | | |
| 19. | मास्टर विकास योजना—2011 के अनुसार भू—उपयोग | मास्टर विकास योजना 2011 के अनुसार आवेदित भूमि का भू—उपयोग ग्रामीण दर्शित है। | — |
| 20. | मास्टर विकास योजना—2025 के अनुसार भू—उपयोग | मास्टर प्लान 2025 अनुसार आवेदित भूमि का भू—उपयोग यू—2 एचआईजेड दर्शित है। | — |
| 21. | जोनल विकास योजना के अनुसार भू—उपयोग | आवेदित भूमि जोनल विकास योजना—16 के अनुसार आवेदित भूमि का भू—उपयोग यू—2 एच.आई.जेड दर्शित है। | — |
| 22. | मास्टर प्लान/जोनल प्लान अनुसार प्रस्तावित सडक की चौडाई | आवेदित योजना जोनल प्लान 16 में स्थित है तथा जोनल प्लान 16 अनुसार भू—उपयोग यू—2 एचआईजेड दर्शित है तथा जेडडीपी—16 की कोई भी सडक नही गुजर रही है। | — |
| 23. | आवेदित भूमि मास्टर/जोनल विकास योजना की सडक से प्रभावित है अथवा नहीं। | | |
| 24. | यदि मास्टर/जोनल विकास योजना की सडक से प्रभावित हो तो, सडक से प्रभावित क्षेत्रफल के सबंध में विवरण। | | |
| 25. | सेक्टर कॉमर्शियल से प्रभावित है अथवा नहीं। | मास्टर प्लान शाखा की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि सेक्टर कॉमर्शियल से प्रभावित नही है। | — |
| 26. | मास्टर प्लान डीपीसीआर के प्रावधान | मास्टर विकास योजना—2025 के वॉल्यूम—04 (DPCR) के अनुसार आवासीय भू—उपयोग में आवासीय गतिविधि अनुज्ञेय है। | — |
| 27. | मास्टर प्लान अनुसार आवेदित उपयोग अनुज्ञेय है अथवा नहीं। | | |
| **पंहुच मार्ग से सबंधित बिन्दु** | | | |
| 28. | विद्यमान पंहुच मार्ग की रिपोर्ट | जोन की रिपोर्ट अनुसार [illegible] | |

Signature valid

Digitally signed by Preeti Gupta
Designation : Additional Chief town Planner
Date: 2024.09.12 11:21:00 IST
Reason: Approved

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29. | आवेदित भूमि में से सटे हुए राजस्व रास्ता/विद्यमान रास्ता निकल रहा हो तो उसका विद्यमान एवं प्रस्तावित मार्गाधिकार के संबंध में टिप्पणी। | से जाने वाली 12 मीटर चौड़ाई की सडक से पहुंच मार्ग उपलब्ध है। | |
| **मौका स्थिति से सबंधित बिन्दु** | | | |
| 30. | कनिष्ठ अभियंता से प्रमाणित सर्वे प्लान की प्रति एवं मौके पर निर्माण की स्थिति के संबंध में रिपोर्ट। | कनिष्ठ अभियंता के द्वारा प्रमाणित पी.टी. सर्वे अनुसार आवेदित भूमि मौके पर रिक्त है। | – |
| 31. | गूगल मानचित्र पर लोकेशन | संलग्न है। | – |
| 32. | आसपास की अनुमोदित योजनाओं से सडकों के मिलान के संबंध में टिप्पणी एवं मानचित्र | नही है। | – |
| 33. | गैस पाईप लाईन/एचटी लाईन/रेलवे लाईन/नाला / वाटर बॉडी से प्रभावित है अथवा नहीं। | कनिष्ठ अभियंता के द्वारा प्रमाणित पी.टी. सर्वे अनुसार प्रभावित नही है।– | – |
| **टाउनशिप पॉलिसी के प्रावधान** | | | |
| 34. | टाउनशिप पॉलिसी 2002/ टाउनशिप पॉलिसी 2010/ CMJAY-2015 के अन्तर्गत | टाउनशिप पॉलिसी 2010। | – |

35. जोन द्वारा प्रस्तावित एजेण्डा अनुसार प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल/भू–उपयोग विश्लेषण (57/एन)

| क्र.स. | –: क्षेत्रफल विश्लेषण :– | | |
|---|---|---|---|
| 1 | भू–उपयोग | क्षेत्रफल (व.मी) | प्रतिशत (%) |
| 2 | आवासीय | 8604.81 | 58.94 % |
| 3 | कॉमर्शियल | 617.80 | 04.23 % |
| 4 | रिटले कॉमर्शियल | 255.30 | 01.75 % |
| 5 | पार्क | 733.10 | 05.02 % |
| 6 | ठोस कचना प्रबंधन | 50.13 | 00.34 % |
| 7 | मोबाईल टॉवर | 21.00 | ` |
| 8 | सडक | 4317.99 | 29.58 % |
| | कुल क्षेत्रफल | **14600.00** | **100.00** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 36. | ले–आउट में क्षेत्रफल/ भू–उपयोग विश्लेषण नियमानुसार है अथवा नहीं। | नियमानुसार है। | |
| 37. | ईडब्ल्यूएस/एलआईजी का प्रावधान है अथवा नहीं। | लागू नही। | – |
| 38. | एकल भूखण्ड के ले–आउट में 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र का प्रावधान। | लागू नहीं। | – |
| 39. | मास्टर प्लान, जोनल प्लान सडक/एच.टी. लाईन/गैस पाईप लाईन के अन्तर्गत आ रही भूमि के एवज में सुविधा क्षेत्र में छूट चाही गई है अथवा नहीं। | कोई छूट नहीं चाही गई है। | – |
| 40. | राज्य सरकार से स्वीकृति ली जानी है अथवा नहीं। | राज्य सरकार की स्वीकृति आवश्यक नहीं है। | – |

41. जोन स्तरीय समिति की स्पष्ट अनुशंषाः–पत्रावली के पैरा 35/एन पर की गई है।

42. **प्रकरण में बीपीसी (एलपी) द्वारा परीक्षण उपरांत शाखा के विचारणीय बिन्दु व प्रस्तावः–**

1. नविवि के आदेश कमांक प.10(35)नविवि/3/2010पार्ट दिनांक 22.0[illegible] क्षेत्र *की परिधि नियंत्रण पट्टी क्षेत्र में स्थित राजस्व ग्रामों की आबादी के 500 मीटर की परिधि में [illegible] निजी कृषि भूमि पर आवासीय, शैक्षणिक, चिकित्सा इत्यादि भू–उपयोग अनुमत [illegible] आदेश दिनांक 24.06.2019 के द्वारा आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान [illegible] किया जाता है कि जिन शहरों के मास्टर प्लानों में परिधि नियंत्रण [illegible] अंकन [illegible] जाकर यू–2 एवं*

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation : Additional Chief town Planner
Date: 2024.09.12 11:21:00 IST
Reason: Approved

*ग्रामीण क्षेत्र दर्शाया गया है, ऐसे शहरों में यू–2 एवं ग्रामीण क्षेत्र में आदेश दिनांक 24.06.2019 में वर्णित निर्देश प्रभावी होगें।''*

नविवि के आदेश दिनांक 24.06.2019 अनुसार *''मास्टर प्लान के नगरीय क्षेत्र (परिधि नियंत्रण पट्टी) में स्थित राजस्व ग्राम की आबादी से 500 मीटर की परिधि क्षेत्र में आवासीय अनुज्ञेय होगा एवं न्यूनतम क्षेत्रफल 500 वर्गमीटर अधिकतम 5.00 हैक्ट. एवं भूखण्ड के सामने सडक की न्यूनतम चौडाई (विद्यमान अथवा प्रस्तावित) राजस्थान टाउनशिप पॉलिसी 2010 अथवा जो भी प्रचलित हो के नियमानुसार अनुज्ञेय है।''*

जोन की रिपोर्ट अनुसार आवदित भूमि ग्राम–रामचन्द्रपुरा की मुख्य आबादी में से 500 मीटर की परिधी में स्थित होने का उल्लेख किया गया है। जोन द्वारा आवेदित भूमि के मूल आबादी के 500 मीटर की परिधी में स्थित होने के संबंध में कोई टिप्पणी नही की गई है। जिसके संबध मे जोन द्वारा सुनिश्चितता उपरांत अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

2. जोन द्वारा प्रस्तुत जेडएलसी एजेण्डा नोट अनुसार आवेदित भूमि को मुख्य अजमेर रोड से जाने वाली 12 मीटर चौडाई की सडक से पहुंच मार्ग उपलब्ध होता है, किन्तु उक्त सडक कौनसी है यह स्पष्ट नही किया गया है। प्राप्त सर्वे में प्रश्नगत भूमि के पश्चिमी दिशा में विद्यमान सडक उक्त चौडाई में अंकित होना दिख रहा है तथा भूखण्ड के पूर्वी भाग में पतली पट्टीनुमा भूमि सडक विद्यमान सडक के नाम से दर्ज अंकित है। जोन द्वारा अवगत करवाया गया है कि मुख्य अजमेर रोड से जाने वाली आवेदित भूमि के पूर्वी दिशा की ओर राजस्व रिकॉर्ड अनुसार खसरा नंबर 59 व 59/373 गै.मु. रास्ता जो कि निजी खातेदारी में दर्ज है, से पहुंच मार्ग उपलब्ध है, जो कि वर्तमान में उक्त रास्ता सी.सी निर्मित है। उक्त सडक के संबंध सहायक नगर नियोजक द्वारा मौके पर सीसी रोड उपलब्ध होने के उल्लेख किया गया है, किन्तु सडक की कितनी चौडाई है के संबंध में उल्लेख नही किया गया है।

   उक्त के अतिरिक्त आवेदित भूमि के पश्चिमी दिशा की ओर मुख्य अजमेर रोड से आवेदित भूमि तक विद्यमान सडक संचालित है जो कि निजी खातेदारी की भूमि में स्थित है। उक्त निजी खातेदारी की भूमि के खसरा नंबर 516/53, 53, 53/343 में से 18 मीटर मार्गाधिकार हेतु भूमि समर्पित की गई है परन्तु उक्त सडक के मार्गाधिकार से अन्य खसरा नंबर भी प्रभावित है अर्थात आवेदक द्वारा सम्पूर्ण मार्गाधिकार भूमि समर्पित नही की गई है। प्रश्नगत प्रकरण धारा 90ए की कार्यवाही की जा चुकी है। अतः 12 मीटर विद्यमान पहुंच मार्ग के संबध में समिति स्तर से निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

3. प्रकरण में आवेदित भूमि में पूर्वी दिशा की ओर खसरा नंबर 59 व 59/373 गै.मु. रास्ता जो जविप्रा के नाम दर्ज है, के मार्गाधिकार को नविवि की अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 के क्रम में 18 मीटर सडक के रूप में प्रस्तावित किया गया है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

4. प्रश्नगत प्रकरण में पश्चिमी भाग में से सडक संचालित अंकित किया गया है। उक्त सडक को योजना मानचित्र में 18 मीटर प्रस्तावित करते हुए आवेदक की भूमि में से अल्प भाग से प्रभावित होना अंकित किया गया है। राजस्व रिकॉर्ड अनुसार उक्त दो गॉव की सीमा पर स्थित है एवं खातेदारी भूमि पर प्रस्तावित है। अतः सडक मार्गाधिकार के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

5. बी.पी.सी. (एल.पी.) की बैठक क्रमांक 332 दिनांक 06.04.2023 मे लिये गये नीतिगत निर्णय के अनुसार ''2 हैक्टे. से कम क्षेत्रफल की योजनाये जहां विक्रय योग्य क्षेत्रफल 65 प्रतिशत से कम प्राप्त हो रहा है मे जविप्रा द्वारा योजना मे आरक्षित रख जाने वाले 5 प्रतिशत पार्क एवं आवासीय भूखण्डो के मध्य आरक्षित रखे जाने वाली 3 मीटर लेन की गणना 5 प्रतिशत पार्क के क्षेत्रफल मे मानी जा सकेगी''। उक्त नीतिगत निर्णय की पालना मे प्रस्तावित योजना मानचित्र मे दर्शित पार्क एवं सामान्य आवासीय भूखण्डों के मध्य 3 मीटर लेन प्रस्तावित करते हुए पार्क के क्षेत्रफल की गणना मे सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

6. प्रकरण में आवेदित भूमि में पूर्वी व पश्चिमी दिशा की ओर प्रस्तावित 18 मीटर दोनों सडकों को जविप्रा हेतु निशुल्क समर्पित किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

7. प्रस्तावित योजना का क्षेत्रफल 2 हैक्ट. से कम होने के कारण ईडब्ल्यूएस/एलआईजी के एवज में नियमानुसार राशि लिया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।

8. टाउनशिप पॉलिसी 2010 के अनुसार कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।

9. भूखण्ड पर पैरामीटर्स भवन विनियम 2020 के अनुसार देय होगें।

<u>समिति का निर्णयः–</u>

**समिति द्वारा पत्रावली व जोन के प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नोट किया गया कि वर्तमान में आवेदित भूमि को मुख्य अजमेर रोड से जाने वाली 12 मीटर चौडाई की सडक से पहुंच मार्ग उपलब्ध हो रहा है, किन्तु उक्त सडक निजी खातेदारी के नाम दर्ज है। उक्त सडक आम रास्ते की तरह उपयोग में वर्षो से ली जा रही है। अतः उक्त सडक को आम सडक के रूप में मान्य किया जा सकता है। उक्त के अतिरिक्त प्रश्नगत भूमि के पूर्वी दिशा में से भी विद्यमान सडक से पहुंच उपलब्ध हो रहा है। राजस्व रिकॉर्ड में भूखण्ड के पूर्वी भाग में पतली पट्टीनुमा भूमि गै.मु. सडक के नाम से दर्ज है। जिसे भी राज्य**

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation : Additional Chief town Planner
Date: 2024.09.12 11:21:00 IST
Reason: Approved

सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 18 मीटर मानते हुए पहुँच मार्ग के रूप में मान्य किया जा सकता है। बैठक में उपस्थित उपायुक्त जोन द्वारा समिति को अवगत करवाया गया कि प्रश्नगत भूमि के पूर्वी भाग में प्रस्तावित खसरें के खातेदार द्वारा प्रश्नगत प्रकरण में आपत्ति दर्ज की गई है एवं आपत्ति में प्रश्नगत भूमि में पूर्वी भाग में प्रस्तावित भूखण्डों को खसरा नंबर 59 व 59/373 गै.मु. रास्ता (जो कि आपत्तिकर्ता द्वारा सडक हेतु समर्पित की गई है,) में से पहुँच लेने पर असहमति प्रस्तुत की गई है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत करवाया गया कि उक्त खसरें की भूमि पर वर्तमान में सी.सी. सडक निर्मित है। समिति द्वारा मौके पर निर्मित सार्वजनिक सडक वर्तमान में जविप्रा के नाम दर्ज है। अतः उक्त आपत्ति को अमान्य किया गया।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त विचारणीय बिन्दु संख्या 33 के उपबिन्दु 01, 03, 05 से 07 को मान्य करते हुये निम्नलिखित शर्तों के साथ आवासीय योजना "वृंदावन ग्रीन्स" का मानचित्र अनुमोदन करने का निर्णय लिया गयाः–

1. प्रश्नगत प्रकरण के पश्चिमी भाग में से गुजर रही विद्यमान सडक का मार्गाधिकार राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 के अनुसार 18 मीटर रखा जावें एवं विद्यमान सडक के मध्य से 9 मीटर सडक मार्गाधिकार में आ रही आवेदक की भूमि को सडक हेतु जविप्रा में निःशुल्क समर्पित करवाई जावें।
2. प्रश्नगत भूमि में पूर्वी दिशा की ओर खसरा नंबर 59 व 59/373 गै.मु. रास्ता जो जविप्रा के नाम दर्ज है, के मार्गाधिकार को नविवि की अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 के क्रम में 18 मीटर सडक के रूप में प्रस्तावित करते हुए खसरें के मध्य से 9 मीटर सडक मार्गाधिकार में आ रही आवेदक की भूमि को सडक हेतु जविप्रा में निःशुल्क समर्पित करवाई जावें।
3. योजना मे फुटकर व्यावसायिक भूखण्ड को नविवि के आदेश दिनांक 20.02.2023 के क्रम में आवेदक द्वारा एकल पट्टे के रूप में प्रस्तावित किया गया है। अतः फुटकर व्यावसायिक भूखण्ड की प्लानिंग मय पाथ–वे/पार्किंग एवं दुकानो का क्षेत्रफल आदेश दिनांक 20.02.2023 एवं बी.पी.सी. (एल.पी) द्वारा जारी यू.ओ.नोट दिनांक 25.11.2021 के अनुसार रखा जाना जाकर भूखण्ड पर नियमानुसार पृथक एवं सक्षम स्तर से भवन मानचित्र अनुमोदन की कार्यवाही की जावें।
4. प्रकरण में ई.डब्ल्यू.एस/एल.आई.जी. के समतुल्य राशि ली जावे।
5. प्रश्नगत प्रकरण में टाउनशिप पॉलिसी 2010 के अनुसार कार्यवाही की जावे।
6. प्रश्नगत प्रकरण के भूखण्ड पर पैरामीटर्स भवन विनियम 2020 के अनुसार देय होगें।
7. प्रस्तावित योजना/एकल भूखण्ड का राजस्व रिकॉर्ड अनुसार क्षेत्रफल को मौके पर उपलब्ध भूमि के क्षेत्रफल से मिलान करने के पश्चात् ही टाउनशिप पॉलिसी के प्रावधान अनुसार मानचित्र जारी किया जावे। उक्त की सुनिश्चितता जोन द्वारा की जावें।
8. आवेदक से प्रकरण से सबंधित समस्त लेय राशि यथा बी.एस.यू.पी./विकास शुल्क/पुर्नग्रहण आदि (जो भी लेय हो) की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जावें।

एजेण्डा संख्याः–04 (366/10.09.2024)

| | |
|---|---|
| विषयः– मैसर्स श्री विनायक डवलपर्स जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता चान्दकरण चौधरी पुत्र श्री भवंरलाल जाति जाट कार्यालय पंजीकृत पताः ग्राम निमेडा तहसील कालवाड, जयपुर व हनुमान पुत्र नारायण जाति जाट निवासी ए–102, अनुपम विहार, गाधीपथ वेस्ट जयपुर राज., ग्राम–बिन्दायका तहसील जयपुर के खसरा नम्बर 917/229, 918/229, 919/229, 963/920, 965/921, 962/922 व 961/922 कुल किता 07 रकबा 0.9274 हैक्टेयर। भूमि की आवासीय योजना प्रयोजनार्थ अनुमोदन बाबत्। | जोन–12 |

आवेदन एवं राजस्व सबंधित बिन्दु

| क्र.सं. | बिन्दु | विवरण | पृ.सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम | मैसर्स श्री विनायक डवलपर्स जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता चान्दकरण चौधरी पुत्र श्री भवंरलाल जाति जाट कार्यालय पंजीकृत पताः ग्राम निमेडा तहसील कालवाड, जयपुर व हनुमान पुत्र नारायण जाति जाट निवासी ए–102, अनुपम विहार, गाधीपथ वेस्ट जयपुर राज.। | – |
| 2. | प्रस्तावित योजना के ग्राम, खसरा नं. व क्षेत्रफल | ग्राम–बिन्दायका तहसील जयपुर के खसरा नम्बर 917/ 918/229, 919/229, 96[illegible] 961/922 कुल किता 07 [illegible] | – |

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation: Additional Chief town Planner
Date: 2024.09.12 11:21:00 IST
Reason: Approved

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | जमाबंदी अनुसार किस्म एवं क्षेत्रफल | 90ए से पूर्व | खसरा नं. | क्षेत्रफल हैक्ट. | किस्म | — |
| | | | 917/229 | 0.1375 | बारानी—1 | |
| | | | 918/229 | 0.2799 | बारानी—1 | |
| | | | 919/229 | 0.2149 | बारानी—1 | |
| | | | 963/920 | 0.0200 | बारानी—1 | |
| | | | 965/921 | 0.2376 | बारानी—1 | |
| | | | 962/922 | 0.0275 | बारानी—1 | |
| | | | 961/922 | 0.0100 | बारानी—1 | |
| | | | किता 07 | 0.9274 हैक्ट. | | |
| | | 90ए के पश्चात | 917/229 | 0.1375 | आवासीय प्रयोजनार्थ | — |
| | | | 918/229 | 0.2799 | | |
| | | | 919/229 | 0.2149 | | |
| | | | 963/920 | 0.0200 | | |
| | | | 965/921 | 0.2376 | | |
| | | | 962/922 | 0.0275 | | |
| | | | 961/922 | 0.0100 | | |
| | | | किता 07 कुल क्षेत्रफल 0.9274 हैक्ट. | | | |
| 4. | प्रस्तावित योजना के 90—ए/ 90—बी आदेश दिनांक, क्षेत्रफल व आवेदक का नाम | ग्राम बिन्दायका तहसील जयपुर के खसरा नम्बर 917/229, 918/229, 919/229, 963/920, 965/921, 962/922 व 961/922 कुल किता 07 रकबा 0.9274 हैक्टयर भूमि का अवासीय प्रयोजनार्थ धारा 90ए की कार्यवाही क्रमांक LU/2012/JDA/2024-25/103565 दिनांक 22.08.2024 को आवेदक मैसर्स श्री विनायक डवलपर्स जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता चान्दकरण चौधरी पुत्र श्री भवंरलाल जाति जाट कार्यालय पंजीकृत पताः ग्राम निमेडा तहसील कालवाड, जयपुर व हनुमान पुत्र नारायण जाति जाट निवासी ए—102, अनुपम विहार, गाधीपथ वेस्ट जयपुर राज. के पक्ष में जारी किया गया। | | | | — |
| 5. | 90—ए/90—बी में वर्णित प्रयोजन | आवासीय प्रयोजनार्थ | | | | — |
| 6. | आवेदित उपयोग | आवासीय प्रयोजनार्थ | | | | — |
| 7. | आवेदित ले—आउट, 90—ए/ 90—बी में वर्णित प्रयोजन के अनुरूप है अथवा नहीं। | अनुरूप है। | | | | — |
| 8. | एकल भूखण्ड का ले—आउट है अथवा प्लांटेड ले—आउट है। | प्लाटेड ले—आउट | | | | — |
| 9. | एकल भूखण्ड ले—आउट/प्लाटेड ले—आउट/ले—आउट संशोधन/ मुख्यमंत्री जन आवास के प्रोविजन 3ए /3बी/3सी | प्लाटेड ले—आउट | | | | — |
| **मास्टर प्लान/जोनल प्लान से सबंधित बिन्दु** | | | | | | |
| 10. | मास्टर विकास योजना—2011 के अनुसार भू—उपयोग | मास्टर विकास योजना 2011 के अनुसार आवेदित भूमि का भू—उपयोग कॉमर्शियल व ग्रामीण दर्शित है। | | | | — |
| 11. | मास्टर विकास योजना—2025 के अनुसार भू—उपयोग | मास्टर प्लान 2025 अनुसार आवेदित भूमि का भू—उपयोग आवासीय दर्शित है। | | | | — |
| 12. | जोनल विकास योजना के अनुसार भू—उपयोग | जोनल विकास योजना—11 के अनुसार आवेदित भूमि का भू—उपयोग आवासीय दर्शित है एवं जोनल विकास योजना—11बी की 18 मीटर व 30 मीटर सडक से प्रभावित है। | | | | — |
| 13. | मास्टर प्लान/जोनल प्लान अनुसार प्रस्तावित सडक की चौडाई | मास्टर प्लान शाखा की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि जोनल विकास योजना—11बी की 18 मीटर व 30 मीटर की सडक से प्रभावित है। | | | | — |
| 14. | आवेदित भूमि मास्टर/जोनल विकास योजना की सडक से प्रभावित है अथवा नहीं। | | | | | |
| 15. | यदि मास्टर/जोनल विकास योजना की सडक से प्रभावित हो तो, सडक से प्रभावित क्षेत्रफल के सबंध में विवरण। | | | | | |

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation : Additional Chief town Planner
Date: 2024.09.12 11:21:00 IST
Reason: Approved

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16. | सेक्टर कॉमर्शियल से प्रभावित है अथवा नहीं। | मास्टर प्लान शाखा की रिपोर्ट अनुसार सेक्टर कॉमर्शियल से प्रभावित नहीं है। | — |
| 17. | मास्टर प्लान डीपीसीआर के प्रावधान | मास्टर प्लान शाखा की रिपोर्ट अनुसार डीपीसीआर वॉल्यूम–4 के अनुसार आवासीय भू–उपयोग अनुज्ञेय है। | — |
| 18. | मास्टर प्लान अनुसार आवेदित उपयोग अनुज्ञेय है अथवा नहीं। | अनुज्ञेय गतिविधि है। | — |
| **पंहुच मार्ग से सबंधित बिन्दु** | | | |
| 19. | विद्यमान पंहुच मार्ग की रिपोर्ट | पैरा संख्या 6/एन पर जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि 18 मीटर व 30 मीटर की सडक से प्रभावित है। | — |
| 20. | आवेदित भूमि में से सटे हुए राजस्व रास्ता/विद्यमान रास्ता निकल रहा हो तो उसका विद्यमान एवं प्रस्तावित मार्गाधिकार के संबंध में टिप्पणी। | आवेदित भूमि के उत्तर दिशा में विद्यमान रास्ता दर्शित है। | |
| **मौका स्थिति से सबंधित बिन्दु** | | | |
| 21. | कनिष्ठ अभियंता से प्रमाणित सर्वे प्लान की प्रति एवं मौके पर निर्माण की स्थिति के संबंध में रिपोर्ट। | जोन के कनिष्ठ अभियंता द्वारा प्रमाणित पी.टी. सर्वे मानचित्र अनुसार आवेदित भूमि मौके पर रिक्त है। | — |
| 22. | गूगल मानचित्र पर लोकेशन | संलग्न है। | — |
| 23. | आसपास की अनुमोदित योजनाओं से सडकों के मिलान के संबंध में टिप्पणी एवं मानचित्र | संलग्न है। | — |
| 24. | गैस पाईप लाईन/एचटी लाईन/रेलवे लाईन/नाला / वाटर बॉडी से प्रभावित है अथवा नहीं। | जोन के कनिष्ठ अभियंता द्वारा प्रमाणित पी.टी. सर्वे मानचित्र अनुसार प्रभावित नही है। | — |
| **टाउनशिप पॉलिसी के प्रावधान** | | | |
| 25. | टाउनशिप पॉलिसी 2002/ टाउनशिप पॉलिसी 2010/ CMJAY-2015 के अन्तर्गत | टाउनशिप पॉलिसी 2010। | — |
| 26. | **प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल/भू–उपयोग विश्लेषण (63/सी)** | | |

**–: क्षेत्रफल विश्लेषण :–**

| भू–उपयोग | क्षेत्रफल व.मी. | प्रतिशत (%) |
|---|---|---|
| **आवासीय** | 4486.65 | 49.29 % |
| **इन्फॉर्मल कॉमर्शियल** | 156.10 | 01.71 % |
| **पार्क** | 455.73 | 05.00 % |
| **ठोस कचना प्रबंधन** | 50.47 | 00.56 % |
| **मोबाईल टावर** | 10.00 | 00.11 % |
| **जेडडीपी रोड** | 3331.93 | 36.60 % |
| **सडक** | 612.63 | 06.73 % |
| **योजना क्षेत्रफल** | **9103.51** | **100.00 %** |
| **लैण्डलोस खसरा मेप** | **170.49** | |
| **कुल योजना क्षेत्रफल** | **9274.00** | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27. | ले–आउट में क्षेत्रफल/ भू–उपयोग विश्लेषण नियमानुसार है अथवा नहीं। | नियमानुसार है। | — |
| 28. | ईडब्ल्यूएस/एलआईजी का प्रावधान है अथवा नहीं। | लागू नही है। | — |
| 29. | एकल भूखण्ड के ले–आउट में 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र का प्रावधान। | लागू नही है। | — |
| 30. | मास्टर प्लान, जोनल प्लान सडक/एच.टी. लाईन/गैस पाईप लाईन के अन्तर्गत आ रही भूमि के एवज में सुविधा क्षेत्र में छूट चाही गई है अथवा नहीं। | कोई छूट नहीं चाही गई है। | |

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation : Additional Chief town Planner
Date: 2024.09.12 11:21:00 IST
Reason: Approved

| | | | |
|---|---|---|---|
| 31. | राज्य सरकार से स्वीकृति ली जानी है अथवा नहीं। | राज्य सरकार की स्वीकृति आवश्यक नहीं है। | — |
| 32. | **<u>जोन स्तरीय समिति की स्पष्ट अनुशंषाः</u>**—पत्रावली के पैरा 24/एन पर की गई है। | | |
| 33. | **<u>प्रकरण में बीपीसी (एलपी) द्वारा परीक्षण उपरांत शाखा के विचारणीय बिन्दु व प्रस्तावः—</u>**<br>1. प्रकरण में जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि को जविप्रा द्वारा अनुमोदित निजी खातेदारी की योजना रियासत प्राईम की 18 व 30 मीटर सडक से पहुंच मार्ग उपलब्ध है। प्रश्नगत सडकें जोनल विकास योजना की प्रस्तावित सडके है जो कि गूगल मानचित्र अनुसार समीप स्थित योजना रियासत प्राईम में विकसित दर्शित है। उक्त सडकों को पहुंच मार्ग के रूप में समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।<br>2. प्रकरण में आवेदित भूमि के दक्षिण—पश्चिम दिशा की ओर जविप्रा की अनुमोदित योजना "**भूमिजा प्राईम**" स्थित है। उक्त योजना में प्रस्तावित 9 मीटर सडक को आवेदित भूमि में कायम रखे जाने के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।<br>3. बी.पी.सी. (एल.पी.) की बैठक क्रमांक 332 दिनांक 06.04.2023 मे लिये गये नीतिगत निर्णय के अनुसार "2 हैक्टे. से कम क्षेत्रफल की योजनाये जहां विक्रय योग्य क्षेत्रफल 65 प्रतिशत से कम प्राप्त हो रहा है मे जविप्रा द्वारा योजना मे आरक्षित रख जाने वाले 5 प्रतिशत पार्क एवं आवासीय भूखण्डो के मध्य आरक्षित रखे जाने वाली 3 मीटर लेन की गणना 5 प्रतिशत पार्क के क्षेत्रफल मे मानी जा सकेगी"। उक्त नीतिगत निर्णय की पालना मे प्रस्तावित योजना मानचित्र मे दर्शित पार्क एवं सामान्य आवासीय भूखण्डों के मध्य 3 मीटर लेन को पार्क के क्षेत्रफल की गणना मे सम्मिलित किया गया है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।<br>4. आवेदित भूमि में से जोनल विकास योजना की 30 मीटर व 18 मीटर चौडी सडक प्रस्तावित है। अतः आवेदक की उक्त 30 मीटर व 18 मीटर चौडी सडकों में से प्रभावित भूमि को जविप्रा में सडक हेतु निशुल्क समर्पित किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।<br>5. प्रस्तावित योजना का क्षेत्रफल 2 हैक्ट. से कम होने के कारण ईडब्ल्यूएस/एलआईजी के एवज में नियमानुसार राशि लिया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।<br>6. टाउनशिप पॉलिसी 2010 के अनुसार कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।<br>7. भूखण्ड पर पैरामीटर्स भवन विनियम 2020 के अनुसार देय होगें। | | |

<u>समिति का निर्णयः—</u>

**समिति द्वारा पत्रावली व जोन के प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त विचारणीय बिन्दु संख्या 33 के उपबिन्दु 01, 03, 04 व 05 को मान्य करते हुये निम्नलिखित शर्तों के साथ आवासीय योजना का मानचित्र अनुमोदन करने का निर्णय लिया गयाः—**

1. **जोनल विकास योजना की 30 मीटर व 18 मीटर चौडी सडकों में से प्रभावित भूमि को आवेदक द्वारा जविप्रा में सडक हेतु निशुल्क समर्पित की जावें।**
2. **पूर्व अनुमोदित योजना भूमिजा प्राईम की 9 मीटर सडक को प्रश्नगत योजना में कायम किया जावें एवं उक्त के क्रम में हो रहे संशोधन को निदेशक(आयोजना) से अनुमोदन पश्चात् मानचित्र जारी किया जावें।**
3. **प्रस्तावित योजना में 3 मीटर लेन प्रस्तावित करते हुए पार्क के क्षेत्रफल की गणना मे सम्मिलित किया जावें।**
4. **योजना मे फुटकर व्यावसायिक भूखण्ड को नविवि के आदेश दिनांक 20.02.2023 के क्रम में आवेदक द्वारा एकल पट्टे के रूप में प्रस्तावित किया गया है। अतः फुटकर व्यावसायिक भूखण्ड की प्लानिंग मय पाथ—वे/पार्किंग एवं दुकानो का क्षेत्रफल आदेश दिनांक 20.02.2023 एवं बी.पी.सी. (एल.पी) द्वारा जारी यू.ओ.नोट दिनांक 25.11.2021 के अनुसार रखा जाना जाकर भूखण्ड पर नियमानुसार पृथक एवं सक्षम स्तर से भवन मानचित्र अनुमोदन की कार्यवाही की जावें।**
5. **प्रकरण में ई.डब्ल्यू.एस/एल.आई.जी. के समतुल्य राशि ली जावे।**
6. **प्रश्नगत प्रकरण में टाउनशिप पॉलिसी 2010 के अनुसार कार्यवाही की जावे।**
7. **प्रश्नगत प्रकरण के भूखण्ड पर पैरामीटर्स भवन विनियम 2020 के अनुसार देय होगें।**
8. **प्रस्तावित योजना/एकल भूखण्ड का राजस्व रिकॉर्ड अनुसार क्षेत्रफल को मौके पर उपलब्ध भूमि के क्षेत्रफल से मिलान करने के पश्चात् ही टाउनशिप पॉलिसी के प्रावधान अनुसार मानचित्र जारी किया जावे। उक्त की सुनिश्चितता जोन द्वारा की जावें।**
9. **आवेदक से प्रकरण से सबंधित समस्त लेय राशि यथा बी.एस.यू.पी./विकास शुल्क/कार्यग्रहण आदि (जो भी लेय हो) की गणना जोन स्तर पर सुनिश्चित की जावें।**

<u>एजेण्डा संख्याः—05 (366/10.09.2024)</u>

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation : Additional Chief town Planner
Date: 2024.09.12 11:21:00 IST
Reason: Approved

| विषयः— मैसर्स कोर्टयार्ड बैंकिट्स जरिये पार्टनर अनमोल कटारिया द्वारा राजस्व ग्राम—कूकस, तहसील—आमेर, जिला—जयपुर के खसरा नं. 1098 रकबा 1.0600 हेक्टेयर, 1099 रकबा 0.0500 हेक्टेयर, 1100 रकबा 0.6600 हेक्टेयर, 1103 रकबा 0.1600 हेक्टेयर, 1105 रकबा 0.2300 हेक्टेयर में से 826.70 वर्गमीटर, 1245 रकबा 0.3900 हेक्टेयर में से 381.06 वर्गमीटर, 1246 रकबा 0.1000 हेक्टेयर, 1247 रकबा 0.1600 हेक्टेयर, 1248 रकबा 0.2400 हेक्टेयर किता—9 रकबा 25507.76 वर्गमीटर पर रिसोर्ट प्रयोजनार्थ एकल पट्टा का मानचित्र अनुमोदन बाबत्। | जोन—13 |
|---|---|

**आवेदन एवं राजस्व सबंधित बिन्दु**

| क्र.सं. | बिन्दु | | विवरण | | | पृ.सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम | | मैसर्स कोर्टयार्ड बैंकिट्स जरिये पार्टनर अनमोल कटारिया | | | — |
| 2. | प्रस्तावित योजना के ग्राम, खसरा नं. व क्षेत्रफल | | राजस्व ग्राम—कूकस, तहसील—आमेर, जिला—जयपुर के खसरा नं. 1098 रकबा 1.0600 हेक्टेयर, 1099 रकबा 0.0500 हेक्टेयर, 1100 रकबा 0.6600 हेक्टेयर, 1103 रकबा 0.1600 हेक्टेयर, 1105 रकबा 0.2300 हेक्टेयर में से 826.70 वर्गमीटर, 1245 रकबा 0.3900 हेक्टेयर में से 381.06 वर्गमीटर, 1246 रकबा 0.1000 हेक्टेयर, 1247 रकबा 0.1600 हेक्टेयर, 1248 रकबा 0.2400 हेक्टेयर किता—9 रकबा 25507.76 वर्गमीटर। | | | — |
| 3. | जमाबंदी अनुसार किस्म एवं क्षेत्रफल | 90ए / 90बी से पूर्व | खसरा नं. | क्षेत्रफल है. | किस्म | — |
| | | | 1098 | 1.06 | चाही—1, जाव—1 | |
| | | | 1099 | 0.05 | गैर मुमकिन चाह | |
| | | | 1100 | 0.66 | चाही—1 | |
| | | | 1103 | 0.16 | चाही—1 | |
| | | | 1105 | 0.2300 | चाही—1, जाव—1 | |
| | | | 1245 | 0.3900 | चाही—1, जाव—1 | |
| | | | 1246 | 0.10 | चाही—1 | |
| | | | 1247 | 0.16 | चाही—1, जाव—1 | |
| | | | 1248 | 0.24 | बारानी—ए | |
| | | | **किता 09 कुल रकबा 3.05 हैक्ट.** | | | |
| | | 90ए के पश्चात् | 1098 | 1.06 | चाही—1, जाव—1 | — |
| | | | 1099 | 0.05 | गैर मुमकिन चाह | |
| | | | 1100 | 0.66 | चाही—1 | |
| | | | 1103 | 0.16 | चाही—1 | |
| | | | 1105 | 0.2300 हेक्टेयर में से 826.70 वर्गमीटर | चाही—1, जाव—1 | |
| | | | 1245 | 0.3900 हेक्टेयर में से 381.06 वर्गमीटर | चाही—1, जाव—1 | |
| | | | 1246 | 0.10 | चाही—1 | |
| | | | 1247 | 0.16 | चाही—1, जाव—1 | |
| | | | 1248 | 0.24 | बारानी—ए | |
| | | | **किता 09 कुल रकबा 0.25507 हैक्ट.** | | | |
| 4. | प्रस्तावित योजना के 90—ए / 90—बी आदेश दिनांक, क्षेत्रफल व आवेदक का नाम | | राजस्व ग्राम—कूकस, तहसील—आमेर, जिला—जयपुर के खसरा नं. 1098 रकबा 1.0600 हेक्टेयर, 1099 रकबा 0.0500 हेक्टेयर, 1100 रकबा 0.6600 हेक्टेयर, 1103 रकबा 0.1600 हेक्टेयर, 1105 रकबा 0.2300 हेक्टेयर में से 826.70 वर्गमीटर, 1245 रकबा 0.3900 हेक्टेयर में से 381.06 | | | — |

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation : Additional Chief town Planner
Date: 2024.09.12 11:21:00 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 10447107

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | वर्गमीटर, 1246 रकबा 0.1000 हेक्टेयर, 1247 रकबा 0.1600 हेक्टेयर, 1248 रकबा 0.2400 हेक्टेयर किता–9 रकबा 25507.76 वर्गमीटर भूमि की धारा 90–बी फ़ार्म हाउस प्रयोजन आदेश दिनांक 04.01.2006 को पारित किया गया है।<br>तत्पश्चात् फार्म हाउस प्रयोजन के स्थान पर रिसोर्ट प्रयोजनार्थ संशोधित 90–ए आदेश दिनांक 09.02.2024 को पारित किया गया है। | |
| 5. | 90–ए/90–बी में वर्णित प्रयोजन | रिसोर्ट प्रयोजनार्थ | – |
| 6. | आवेदित उपयोग | रिसोर्ट प्रयोजनार्थ | – |
| 7. | आवेदित ले–आउट, 90–ए/ 90–बी में वर्णित प्रयोजन के अनुरूप है अथवा नहीं। | अनुरूप है। | – |
| 8. | एकल भूखण्ड का ले–आउट है अथवा प्लाटेड ले–आउट है। | एकल भूखण्ड | – |
| 9. | एकल भूखण्ड ले–आउट/प्लाटेड ले–आउट/ ले–आउट संशोधन/मुख्यमंत्री जन आवास के प्रोविजन 3ए/3बी/3सी | एकल भूखण्ड ले–आउट | – |
| **मास्टर प्लान/जोनल प्लान से सबंधित बिन्दु** | | | |
| 10. | मास्टर विकास योजना–2011 के अनुसार भू–उपयोग | आवेदित भूमि का भू उपयोग मास्टर प्लान 2011 के अनुसार ईकोलोजिकल दर्शित है। | – |
| 11 | मास्टर विकास योजना–2025 के अनुसार भू–उपयोग | मास्टर विकास योजना 2025 के अनुसार आवेदित भूमि का भू–उपयोग आवासीय दर्शित है। | – |
| 12. | जोनल विकास योजना के अनुसार भू–उपयोग | जोनल विकास योजना–13 के अनुसार आवेदित भूमि का भू–उपयोग आवासीय दर्शित है। आवेदित भूमि नाहरगढ़ ईको सेंसिटिव जोन की बाउण्ड्री से बाहर स्थित है। | – |
| 13. | मास्टर प्लान/जोनल प्लान अनुसार प्रस्तावित सडक की चौडाई | आवेदित भूमि जोनल विकास योजना–13 की किसी भी सडक से प्रभावित नहीं है। | – |
| 14. | आवेदित भूमि मास्टर/जोनल विकास योजना की सडक से प्रभावित है अथवा नहीं। | | |
| 15. | यदि मास्टर/जोनल विकास योजना की सडक से प्रभावित हो तो, सडक से प्रभावित क्षेत्रफल के सबंध में विवरण। | | |
| 16. | सेक्टर कॉमर्शियल से प्रभावित है अथवा नहीं। | मास्टर प्लान शाखा की रिपोर्ट अनुसार सेक्टर कॉमर्शियल से प्रभावित नही है। | – |
| 17. | मास्टर प्लान डीपीसीआर के प्रावधान | मास्टर विकास योजना–2011 के पार्ट–2 के प्रावधान अनुसार ईकॉलोजिकल भू–उपयोग में रिसोर्ट अनुज्ञेय गतिविधि है। | – |
| 18. | मास्टर प्लान अनुसार आवेदित उपयोग अनुज्ञेय है अथवा नहीं। | | |
| **पंहुच मार्ग से सबंधित बिन्दु** | | | |
| 19. | विद्यमान पंहुच मार्ग की रिपोर्ट | जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि को जविप्रा द्वारा पूर्व में अनुमोदित फार्म हाउस स्कीम कोर्टयार्ड फार्मस् की 24 मीटर चौडी सडक से पहुॅच मार्ग उपलब्ध होता है। | – |
| 20. | आवेदित भूमि में से सटे हुए राजस्व रास्ता/विद्यमान रास्ता निकल रहा हो तो उसका विद्यमान एवं प्रस्तावित मार्गाधिकार के संबंध में टिप्पणी। | जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि के उत्तर–पश्चिमी दिशा में खसरा नम्बर 1087 रकबा 0.04 हेक्टेयर किस्म गैर मुमकिन रास्ता स्थित है [illegible] लगभग 75 मीटर चौडाई में सीसी/ग्रेवल सडक निर्मित जिसका आर0ओ0डब्ल्यू लगभग 5.5 मीटर चौड[illegible] उपलब्ध होता है। उक्त [illegible] आस–पा[illegible] घरों | – |

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation : Additional Chief town Planner
Date: 2024.09.12 11:21:00 IST
Reason: Approved

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | को पहुच मार्ग उपलब्ध होता है। प्रस्तावित ले–आउट प्लान में उक्त रास्ते को 12 मीटर चौडाई में प्रस्तावित किया गया है। | |
| **मौका स्थिति से सबंधित बिन्दु** | | | |
| **21.** | कनिष्ठ अभियंता से प्रमाणित सर्वे प्लान की प्रति एवं मौके पर निर्माण की स्थिति के संबंध में रिपोर्ट। | जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि पर रिक्त है। | – |
| **22.** | गूगल मानचित्र पर लोकेशन | संलग्न है। | – |
| **23.** | आसपास की अनुमोदित योजनाओं से सडकों के मिलान के संबंध में टिप्पणी एवं मानचित्र | संलग्न है। | – |
| **24.** | गैस पाईप लाईन/एचटी लाईन/रेलवे लाईन/ नाला/वाटर बॉडी से प्रभावित है अथवा नहीं। | जोन की रिपोर्ट अनुसार प्रभावित नहीं है। | – |
| **टाउनशिप पॉलिसी के प्रावधान** | | | |
| **25.** | टाउनशिप पॉलिसी 2002/ टाउनशिप पॉलिसी 2010/ CMJAY-2015 के अन्तर्गत | प्रकरण में टाउनशिप पॉलिसी 2010 के तहत कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। | – |
| **26.** | **प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल/भू–उपयोग विश्लेषण (104/सी)** | | |

| **क.सं.** | **भू–उपयोग** | क्षेत्रफल व.मी. |
|---|---|---|
| 1. | रिसोर्ट प्रयोजनार्थ आवेदित भूमि | 25507.76 |
| 2. | खसरा सुपरईम्पोज अनुसार क्षेत्रफल | 25507.76 |
| 3. | प्रस्तावित 12 मीटर सडक से प्रभावित भूमि का क्षेत्रफल | 435.78 |
| | **रिसोर्ट भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल** | **25071.98** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **27** | ले–आउट मे क्षेत्रफल/भू–उपयोग विश्लेषण नियमानुसार है अथवा नहीं। | नियमानुसार है। | – |
| **28.** | ईडब्ल्यूएस/एलआईजी का प्रावधान है अथवा नहीं। | लागू नहीं। | – |
| **29.** | एकल भूखण्ड के ले–आउट में 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र का प्रावधान। | नगरीय विकास विभाग के आदेश दिनांक 12.04.2018 के बिन्दु संख्या 1 के अनुसार 5 प्रतिशत सुविधा क्षेत्र के समतुल्य भूमि की एवज में नियमानुसार राशि ली जानी प्रस्तावित है। | – |
| **30.** | मास्टर प्लान, जोनल प्लान सडक/एच.टी. लाईन/गैस पाईप लाईन के अन्तर्गत आ रही भूमि के एवज में सुविधा क्षेत्र में छूट चाही गई है अथवा नहीं। | | |
| **31.** | राज्य सरकार से स्वीकृति ली जानी है अथवा नहीं। | सरकार की स्वीकृति आवश्यक है। | – |
| **32.** | **<u>जोन स्तरीय समिति की स्पष्ट अनुशंषा:–</u>**पत्रावली के पैरा 71/एन पर की गई है। | | |
| **33.** | **<u>प्रकरण में बीपीसी (एलपी) द्वारा परीक्षण उपरांत शाखा के विचारणीय बिन्दु व प्रस्ताव:–</u>** | | |

1. प्रकरण में धारा 90–बी के आदेश दिनांक 04.01.2006 को एमबिएन्स टाउनशिप डवलपर्स के पक्ष में फार्म हाउस प्रयोजनार्थ जारी किए गए है। तत्पश्चात प्रश्नगत भूमि को विक्रय पत्र के माध्यम से सनसिटी प्रोजेक्ट्स को विक्रय किया गया। सनसिटी प्रोजेक्ट्स द्वारा विक्रय–पत्र से उक्त भूमि का बेचान मैसर्स कोर्टयार्ड बेनक्येट को कर दिया गया। प्रकरण में मैसर्स कोर्टयार्ड बेनक्येट के आवेदन करने पर जविप्रा द्वारा दिनांक 09.02.2024 को रिसोर्ट प्रयोजनार्थ संधोधित धारा 90–ए के आदेश जारी किये गये है। फार्म हाउस प्रयोजन आवासीय प्रयोजनार्थ भू–उपयोग के अंतर्गत माना गया है तथा रिसोर्ट प्रयोजन व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भू–उपयोग के अंतर्गत माना गया है। दोनो उपयोग पृथक–पृथक है। वर्तमान में प्रश्नगत खसरों की भूमि राजस्व रिकॉर्ड में जविप्रा के नाम, गै. मु.चाही, जाव, बारानी व गै.मु.चाह के नाम दर्ज है। अतः प्रश्नगत भूमि [illegible] किये जाने के संबंध में समिति स्तर पर निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।
2. प्रश्नगत प्रकरण में उक्त 90 के आदेश में खसरों के बिना तरमी [illegible] हुए धारा 90–ए के आदेश जारी किये गये है। जिसके क्रम में [illegible]

Signature valid
Digitally signed by Preeti Gupta
Designation : Additional Chief town Planner
Date: 2024.09.12 11:21:00 IST
Reason: Approved

कार्यालय पत्रांक/भू.अ./4944 दिनांक 25.06.2024 द्वारा उक्त खसरों की पत्र की पालना में तरमीम, कि नक्शे में खसरें का विभाजन/तरमीम बिना नामान्तरण (यथा– विभाजन, न्यायालय आदेश, लीज समर्पण) के संभव नही है। वर्तमान ऑनलाईन तरमीम प्रक्रिया में खसरें की तरमीम करते समय प्लॉट नंबर दर्ज करना आवश्यक होता है जो बिना नामानतरण खसरे का नवीन नंबर प्राप्त किया जाना संभव नही है। अतः उपरोक्त टिप्पणी के क्रम में प्रश्नगत प्रकरण में 90ए शुदा भूमि की तरमीम फार्म हाउस से रिसोर्ट प्रयोजनार्थ की जावेगी के संबध में समिति स्तर द्वारा निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

3. प्रश्नगत प्रकरण में धारा 90–बी व धारा 90–ए की कार्यवाही के उपरांत आवेदित खसरों की किस्म परिवर्तित नही की गई है। प्रश्नगत प्रकरण में आवेदित खसरों की किस्म परिवर्तन होने के पश्चात् ही प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
4. जोन की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि के उत्तर–पश्चिमी दिशा में खसरा नम्बर 1087 रकबा 0.04 हेक्टेयर किस्म गैर मुमकिन रास्ता स्थित है, जिस पर मौके पर लगभग 3.75 मीटर चौडाई में सीसी/ग्रेवल सडक निर्मित है, जिसका आर.ओ.डब्ल्यू लगभग 5.5 मीटर चौडाई में उपलब्ध होता है। उक्त रास्ते से आस–पास के कुछ घरों को पहुच मार्ग उपलब्ध होता है। प्रस्तावित ले–आउट प्लान में उक्त रास्ते को 12 मीटर चौडाई में प्रस्तावित किया गया है। उक्त राजस्व रास्ते को नविवि की अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 के अनुसार 18.00 मीटर रखा जाना प्रस्तावित है एवं उक्त खसरें के मध्य से 9–9 मीटर भूमि सडक हेतु भूमि रखी जानी अपेक्षित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
5. बिन्दु सं. 04 में आ रही आवेदक की भूमि को जविप्रा में सडक हेतु निःशुल्क समर्पित किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
6. प्रश्नगत प्रकरण में आवेदित भूमि को जविप्रा द्वारा पूर्व में अनुमोदित फार्म हाउस योजना कोर्टयार्ड फार्मस की 24 मीटर सडक से पहुंच मार्ग उपलब्ध हो रहा है। उक्त सडक मौके पर निर्मित होने की स्थिति में ही प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया जाना प्रस्तावित है।
